Under CSR Support by Ipca Foundation
missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

# अध्याय - 5 | प्राकृतिक वनस्पति तथा वन्य प्राणी

QUIZ PART-06

1. भारत में पशु प्रजातियों की कुल संख्या लगभग कितनी है?
   A. 50,000
   B. 70,000
   C. 90,000
   D. 1,10,000 (C)

*व्याख्या :* भारत में लगभग 90,000 पशु प्रजातियाँ पाई जाती हैं।

2. भारत में पक्षियों की कुल प्रजातियाँ कितनी हैं?
   A. 1000
   B. 2000
   C. 3000
   D. 4000 (B)

*व्याख्या :* भारत में लगभग 2000 पक्षी प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जो विश्व की कुल संख्या का लगभग 13% है।

3. भारत में मछलियों की प्रजातियों की संख्या कितनी है?
   A. 1546
   B. 2046
   C. 2546
   D. 3046 (C)

*व्याख्या :* भारत में 2546 मछली प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जो विश्व की कुल संख्या का लगभग 12% है।

4. हाथी मुख्य रुप से भारत के किन राज्यों में पाए जाते हैं?
   A. राजस्थान और पंजाब
   B. असम, कर्नाटक और केरल
   C. गुजरात और हरियाणा
   D. हिमाचल और उत्तराखंड (B)

*व्याख्या :* हाथी असम, कर्नाटक और केरल के उष्ण एवं आर्द्र जंगलों में पाए जाते हैं।

5. एक सींग वाला गैंडा किन राज्यों में पाया जाता है?
   A. गुजरात और राजस्थान
   B. पश्चिम बंगाल और असम
   C. मध्य प्रदेश और ओडिशा
   D. तमिलनाडु और केरल (B)

*व्याख्या :* एक सींग वाला गैंडा असम और पश्चिम बंगाल के दलदली क्षेत्रों में पाया जाता है।

6. जंगली गधा कहाँ पाया जाता है?
   A. कच्छ का रण
   B. थार मरुस्थल
   C. सुंदरबन
   D. हिमालय (A)

*व्याख्या :* जंगली गधा कच्छ के रण में पाया जाता है।

7. भारत में ऊँट मुख्य रूप से कहाँ पाए जाते हैं?
   A. कच्छ
   B. हिमालय
   C. थार मरुस्थल
   D. सुंदरबन (C)

*व्याख्या :* ऊँट थार मरुस्थल में पाए जाते हैं।

8. भारतीय शेर का प्राकृतिक आवास कौन-सा है?
   A. सुंदरबन
   B. गिर वन (गुजरात)
   C. हिमालय
   D. कच्छ का रण (B)

*व्याख्या :* भारतीय शेर का प्राकृतिक आवास गुजरात का गिर वन है।

9. भारत में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम कब लागू किया गया?
   A. 1952
   B. 1967
   C. 1972
   D. 1984 (C)

*व्याख्या :* भारत में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 में लागू किया गया।

10. विश्व का एकमात्र ऐसा देश कौन-सा है जहाँ बाघ और शेर दोनों पाए जाते हैं?
    A. चीन
    B. अमेरिका
    C. रूस
    D. भारत (D)

*व्याख्या :* भारत विश्व का एकमात्र देश है जहाँ बाघ और शेर दोनों पाए जाते हैं।